अफरा-तफरी

बगली गांव में मासूम ने अनजाने में पीने के पानी में मिलाया कीटनाशक

# जहरीले पानी से एक ही परिवार के 10 लोग भर्ती





**अंजनियां, नवभारत।** अंजनियां के समीपस्थ ग्राम बगली में सोमवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक 4 वर्षीय मासूम की अनजानी गलती के कारण एक ही परिवार के 10 सदस्य जहरीले पानी का शिकार हो गए। सभी बीमारों को आनन-फानन में जिला अस्पताल मंडला में भर्ती कराया गया है।

जानकारी अनुसार ग्राम बगली निवासी किसान छोटेलाल नंदा ने फसल में छिड़काव के लिए घर में कीटनाशक दवा लाकर रखी थी। शाम के समय घर का 4 वर्षीय मासूम बेटा रणवीर खेलते-खेलते कीटनाशक की बोतल तक पहुँच गया। नादानी में उसने वह कीटनाशक घर में रखी पीने के पानी की टंकी में पलट दिया।

### भोजन के बाद बिगड़ने लगी तबीयत

शाम को जब परिवार के सदस्य कछार खेती का काम निपटाकर घर लौटे, तो उन्होंने अनजाने में उसी टंकी के पानी का उपयोग पीने और भोजन बनाने में किया। भोजन करने के कुछ ही देर बाद एक-एक कर परिवार के सभी सदस्यों को पेट में तेज जलन, उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। एक साथ इतने लोगों की तबीयत बिगड़ते देख गांव में अफरा-तफरी मच गई।

### जिला अस्पताल में उपचार जारी

परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी पीड़ितों को निजी वाहन के जरिए तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। बीमार होने वालों में 1 वर्ष की मासूम वेदिका से लेकर 62 वर्षीय बुजुर्ग शोभाराम नंदा शामिल हैं। घायलों में लक्ष्मण 13 वर्ष, रणवीर 4 वर्ष, गौरा 30 वर्ष, शोभना 13 वर्ष, रातरानी 30 वर्ष, वेदिका 1 वर्ष, कृष्णा 9 वर्ष, छोटेलाल 34 वर्ष और शोभाराम 62 वर्ष सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। चिकित्सकों ने बताया कि फिलहाल सभी की स्थिति स्थिर है और उन पर निगरानी रखी जा रही है।

### प्रशासन की अपील

इस घटना ने एक बार फिर घर में रखे जहरीले पदार्थों के सुरक्षित रख-रखाव पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में अपील की है कि वे कीटनाशकों और अन्य जहरीली दवाओं को हमेशा बच्चों की पहुँच से दूर और सुरक्षित स्थान पर रखें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# होटल संचालकों को 15 दिनों का अल्टीमेटम

अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने नैनपुर प्रशासन की कार्रवाई



**नैनपुर.** नैनपुर क्षेत्र के होटलों और लॉजों में अनैतिक गतिविधियों, जुआ और आत्महत्या जैसी गंभीर घटनाओं की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए प्रशासन और पुलिस विभाग अब सख्त रुख अपना रहा है। हाल ही में की गई संयुक्त कार्रवाई के तहत कई संदिग्ध होटलों को सील कर दिया गया है।

एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर एवं एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के नेतृत्व में पुलिस थाना परिसर में क्षेत्र के समस्त होटल एवं लॉज संचालकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक के दौरान संचालकों को अधिनियमों और प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें सराय अधिनियम 1867, होटल एकॉमोडेशन एक्ट 1961, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं स्थानीय निकायों द्वारा प्रशासित नियम एवं सुरक्षा मानक, प्रशासन द्वारा सभी संचालकों को कड़े लहजे में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। होटल का विधिवत रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। प्रत्येक आगंतुक का अनिवार्य रूप से आगंतुक पंजी में जानकारी संधारण और आधिकारिक पहचान पत्रों का उचित संधारण।

परिसर में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरों की स्थापना। फायर एनओसी और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन। कर्मचारियों के लिए निर्धारित श्रम कानूनों का अनुसरण। प्रशासन ने सभी आवश्यक सुधार और वैधानिक कार्रवाइयां पूर्ण करने के लिए 15 दिनों का समय दिया है। निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्देशों का पालन न करने वाले होटल और लॉज संचालकों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई और संस्थान को स्थायी रूप से बंद करने की चेतावनी दी गई है।

# आजाद शिक्षक संघ का हुआ मिलन समारोह



**नारायणगंज।** गत दिवस विकासखंड नारायणगंज में आजाद शिक्षक संघ द्वारा शिक्षकों का मिलन समारोह प्रांत अध्यक्ष भरत पटेल की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिसमें जिला कार्यकारिणी के अध्यक्ष संतोष सोनी के साथ जिले की पूरी कार्यकारिणी उपस्थिति रही वहीं सभी विकास खंड के ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक स्तर की पूरी कार्यकारिणी सभी विकासखंड से भी मौजूद रहे ।

इस मौके पर भरत पटेल एवं संतोष सोनी का स्वागत बस स्टैंड नारायणगंज में किया गया। तत्पश्चात कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में सभी अतिथियों का नारायणगंज ब्लाक कार्यकारिणी के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष शेख रहमान के साथ सभी ब्लॉक से आए ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा भी अपने-अपने उद्बोधन दिए गए। उद्बोधन के पश्चात संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन में जो भी नए सदस्य जुड़े उनका स्वागत जिला अध्यक्ष के द्वारा किया गया । इसके अलावा सेवानिवृत हुए साथियों का भी स्वागत किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्ति साथियों द्वारा अपनी व्यथा बताई गई जिसमें अमर सिंह मार्को को मात्र 432 रुपया मासिक पेंशन मिल रही है। ऐसे ही एक शिक्षक को 1632 रुपए एवं एक शिक्षक को 2800 मासिक पेंशन प्राप्त हो रही है।। जिसमें अपना एवं परिवार की गुजर बसर करने में कितनी कठिनाई हो रही है बताया गया। सभी के स्वागत के पश्चात जिला अध्यक्ष द्वारा उद्बोधन के पश्चात अंत में प्रांत अध्यक्ष भरत पटेल द्वारा पुरानी पेंशन बहाल करने हेतु संकल्प लिया गया ।

कार्यक्रम में शेख रहमान, ब्लॉक अध्यक्ष नरबद सिंह मरावी, चैन सिंह, हेमंत मरावी, रामदयाल बरकड़े, सत्येंद्र परते, चंद्रभान धनगर, किशनलाल बरकड़े, बृजलाल मरावी, रामकुमार नरते, भगवत मरावी, तरुण मांडवी, मनोज सरवटे, कुसुम लाल, देव सिंह भारतीय, अशोक यादव, सुभाष कुमार साहू, सहदेव सिंह मरावी, सहदेव मरकाम, रामकिशोर तिलसिया, सुल्तान सिंह वरकड़े, आदेश साहू सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों के साथ अन्य सदस्य उपस्थित रहे।





# न्यायाधीश ने बच्चों को पढ़ाया गुड और बैड टच का पाठ

ज्ञान ज्योति स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**निवास।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश एवं तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में ज्ञान ज्योति विद्या निकेतन निवास में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। न्यायाधीश श्री सिन्हा ने बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों, विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया और सलाह के बारे में जानकारी दी।

न्यायाधीश द्वारा बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें गुड टच और बैड टच के बीच अंतर समझाया गया। इसके साथ ही पोक्सो एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी देते हुए उन्हें अपनी रक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया। यातायात सुरक्षा पर चर्चा करते हुए उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट के नए प्रावधानों के बारे में बताया और सख्त लहजे में सलाह दी कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे वाहन न चलाएं, ताकि वे और उनके परिजन कानूनी परेशानियों से बच सकें।

कानूनी जानकारी के साथ न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को उनके भविष्य और करियर के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस विधिक शिविर में शाला के प्राचार्य बलराम साहू, सीमा आमों, नेहा परस्ते, पूजा यादव, मंजू ठाकुर, आकांक्षा रजक, सृष्टि तिवारी, अशोक कुलस्ते, स्वाति तिवारी तथा विधिक सेवा समिति से किरण विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बिछिया के सरस्वती शिशु मंदिर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**भुआ बिछिया।** स्थानीय सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय, भुआ-बिछिया में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मीनल जगबीर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा मां सरस्वती और भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पूजन-अर्चन कर की गई।

न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनल जगबीर ने अपनी सहज और मृदु संवाद शैली से छात्र-छात्राओं को भारत के संविधान की महत्ता बताई। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता, बाल अपराधों के विरुद्ध सुरक्षात्मक कानून और ट्रैफिक नियमों की विस्तृत जानकारी साझा की। मजिस्ट्रेट महोदया ने बच्चों के साथ चर्चा परिचर्चा करते हुए उनके कानूनी संशयों का सरल भाषा में समाधान किया।

इस अवसर पर जगमंडल बाल कल्याण समिति के सह-व्यवस्थापक अरुण मिश्रा, विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण मिश्र एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य जी द्वारा सम्माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदया का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का विधिवत समापन शांति मंत्र के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के बौद्धिक और विधिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।






# विद्यार्थियों ने जाना क्या है सीपीआर और डिफिबरिलेटर

सांदीपनी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया नर्सिंग कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण

**नारायणगंज।** नवीन व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत सांदीपनी विद्यालय नारायणगंज के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सरदार पटेल स्कूल ऑफ नर्सिंग, खैरी (मंडला) का दौरा किया, जहाँ उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र की बारीकियों और अत्याधुनिक उपकरणों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की।

नर्सिंग कॉलेज के प्रोफेसर शिवम कछवाहा, असिस्टेंट प्रोफेसर नीरज पटेल और नर्सिंग प्रोफेसर विवेक ठाकुर ने विद्यार्थियों को सीपीआर की तकनीक, डिफिबरिलेटर का उपयोग और नर्सिंग की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को डम्मी के माध्यम से समझाया कि आपातकालीन स्थिति में किसी की जान कैसे बचाई जा सकती है। इसके साथ ही फार्मास्युटिकल्स और नर्सिंग क्षेत्र में भविष्य के अवसरों को लेकर करियर काउंसलिंग भी की गई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ विशेषज्ञों से प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

### मार्गदर्शन और नेतृत्व

यह भ्रमण सांदीपनी विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अर्चना नेमा की अध्यक्षता और व्यवसायिक शिक्षा नोडल संगीता गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पूरे भ्रमण के दौरान व्यवसायिक प्रशिक्षक श्रीमती रुचि प्रदा संत और अवधेश सिंगरोरे ने विद्यार्थियों का नेतृत्व किया और उन्हें प्रयोगात्मक शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था, जिससे वे भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बेहतर करियर चुन सकें।

# वन अधिकार अधिनियम विषय पर प्रशिक्षण शुरू

**करंजिया।** विगत दिवस जनपद पंचायत करंजिया में वन अधिकार अधिनियम (एफआरए ) विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम बैच जनपद पंचायत करंजिया के सभाकक्ष में सरपंच की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। प्रशिक्षण में सरपंच, सचिव, जीआरएस, मोबिलाइज़र, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, आशा कार्यकर्ता तथा पेसा समिति के सदस्य शामिल हुए। प्रशिक्षण का संचालन आकांक्षी बीसी एवं पेसा बीसी के प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान गतिविधि आधारित सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों का आपसी परिचय कराया गया। प्रशिक्षण में समस्त जनप्रतिनिधि, मास्टर ट्रेनर, सावित्री वालर, डीओएवं जनपद पंचायत की समस्त शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुरक्षा नियमों की अनदेखी, श्रमिकों की जान से हो रहा खिलवाड़

एसईसीएल प्रबंधन की दमनकारी नीतियों के विरोध में संयुक्त मोर्चा का आंदोलन जारी, जोहिला क्षेत्र के श्रमिकों में व्यापक असंतोष



**नौरोजाबाद नवभारत 2 फरवरी।** देश की मिनी रत्न कंपनी साउथ इस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड जोहिला क्षेत्र में श्रमिक 72 मांगों को लेकर पिछले सात दिनों से आंदोलन में बैठे हुए हैं, लेकिन प्रबंधन के कानो में जूं नहीं रेंग रही हैं। प्रबंधन के इस रवैये से श्रमिकों में असंतोष भड़क रहा है।

बताया जाता है कि एसईसीएल जोहिला क्षेत्र में जब से तत्कालीन महाप्रबंधक के कार्यशैली से जब तब आये दिन आंदोलन होते रहे हैं, लेकिन इस कार्यशैली से व्यथित होकर जोहिला क्षेत्र के सभी श्रमिक संगठनों ने आंदोलन की राह पकड ली हैं। विदित हों कि जोहिला क्षेत्र में औद्योगिक संबंधों को महाप्रबंधक के अडियल रवैये के कारण शून्य हो गये है और श्रमिक संगठन कई बार अपमान के घूंट पीकर रह गया।

### ठेका श्रमिकों का हो रहा शोषण

श्रमिक संगठन के सीटू श्रमिक संघ के संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य ने प्रबंधन के कार्यों की निंदा करते हुए भ्रष्टाचार, ठेका श्रमिकों का शोषण करते हुए उनके हाजिरी का अथाह पैसा लूटने में प्रबंधन जुटा हुआ है। कंचन ओपन कास्ट खदान में सुरक्षा नियमों की अनदेखी का मामला उठाते हुए कहा कि प्रबंधन श्रमिकों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

### सड़कों की हालात जर्जर

उल्लेखनीय है कि जोहिला क्षेत्र में सडकों की हालात जर्जर हो गयी है, लेकिन प्रबंधन इस काम में लीपापोती कर उनके नाम पर जब तब भारी धांधली कर मामले को रफादफा कर दिया जाता है। सोमवार के आंदोलन में संयुक्त मोर्चा की ओर से अशोक पाण्डेय बीएमएस, बिहारी लाल पटेल एचएमएस, पारस नाथ एटक, दिलीप सोनी इंटक, कुंजमणि वर्मा सीटू का जत्था क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे। आंदोलन का आज सातवा दिवस है और इसी क्रम में संयुक्त मोर्चा प्रबंधन की दमनकारी नीतियों के विरोध में अनशनरत है।

### प्रबंधन के काले कारनामों को किया उजागर

सोमवार को आंदोलन स्थल पर एक आ सभा रखी गयी, जिसे श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए प्रबंधन के काले कारनामों पर प्रकाश डाला। आम सभा में अमृत लाल विश्वकर्मा सीटू, प्रीतम पाठक इंटक नागेन्द्र सिंह बी एम एस, राम कुंअर प्रजापति इंटक, अशोक पाण्डेय एटक, एस डी सिंह सीटू, मो फजल एटक नौमी शरण यादव बी एम एस अरूण मिश्रा एच एम एस आदि श्रमिक नेताओं की भागीदारी देखी गयी।

# टाइगर रिजर्व में दो बाघों की लड़ाई में एक हुआ घायल

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से सटे शहडोल वन मंडल के जयसिंहनगर परिक्षेत्र में दो बाघों के बीच आपसी संघर्ष हुआ। इस संघर्ष में एक 8 वर्षीय बाघ गंभीर रूप से घायल हो गया। कक्ष क्रमांक आर्यन 380 में हुई इस घटना में बाघ के चेहरे और पैर में गहरी चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही टाइगर रिजर्व की टीम मौके पर पहुंची और घायल बाघ को रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के बाद घायल बाघ को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मगधी परिक्षेत्र स्थित बेहरहा इंक्लोजर में रखा गया है। यहां उसका इलाज किया जा रहा है। 29 जनवरी को रेस्क्यू के बाद प्रारंभिक निगरानी के दौरान बाघ को चलने में दिक्कत देखी गई थी, जिसके बाद डॉक्टरों की टीम ने तुरंत इलाज शुरू किया।वन विभाग के अनुसार, डॉक्टरों की टीम एक बंद वाहन में इंक्लोजर के भीतर जाकर डॉट गन की मदद से बाघ को दवाइयां दे रही है।



# नैनपुर टीआई के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद ने खोला मोर्चा

टीआई बलदेव सिंह की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल, उच्च स्तरीय जांच की मांग

**नैनपुर।** विश्व हिंदू परिषद ने नैनपुर थाना प्रभारी की कार्यशैली पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक मंडला को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में संगठन ने नैनपुर थाने में पदस्थ टीआई बलदेव सिंह मुजालदा पर हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं के प्रति द्वेषपूर्ण और अमर्यादित कार्यवाही करने का आरोप लगाया है। विश्व हिंदू परिषद का कहना है कि नैनपुर थाना प्रभारी की कार्यशैली निष्पक्ष नहीं है। आरोप लगाया गया है कि हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं को जानबूझकर प्रताड़ित किया जा रहा है और उनके साथ दुर्व्यवहार कर उनकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि थाने में न्यायपूर्ण सुनवाई के स्थान पर दबाव और अपमान का वातावरण बना हुआ है, जिससे स्थानीय क्षेत्र में तनाव और असंतोष बढ़ रहा है।

विहिप ने इस स्थिति को पुलिस प्रशासन की गरिमा और कानून व्यवस्था के लिए घातक बताया है। पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया गया है कि इस गंभीर विषय पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। इसके साथ ही जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए टीआई बलदेव सिंह मुजालदा को तत्काल प्रभाव से नैनपुर थाने से हटाने की मांग की गई है जिससे क्षेत्र में शांति और न्यायपूर्ण वातावरण स्थापित हो सके।